प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

केन्द्र सरकार ने आपदा प्रबंधन की दिशा में बड़ी पहल करते हुए आज से सेल ब्राडकास्टिंग मैसेजिंग सिस्टम की शुरूआत की है। मोबाइल आधारित इस आपदा संचार प्रणाली के माध्यम से नागरिकों को मोबाइल पर आपदा की तत्काल सूचना मिल सकेगी। सभी लोगों के मोबाइल पर आज सवेरे ग्यारह बजकर एकतालीस मिनट पर अलर्ट भेजा गया। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस मैसेजिंग सिस्टम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि इसे दूरसंचार विभाग ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक का उपयोग करके विकसित किया है।

****

देश के विभिन्न हिस्सों में जनगणना 2027 की प्रक्रिया जारी है। झारखंड समेत कुछ अन्य राज्यों में कल से स्वगणना की प्रक्रिया शुरू हुई है, जो पन्द्रह मई तक चलेगी। रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने आज अपने आवास पर जनगणना अधिकारियों के समक्ष स्वगणना में अपनी और अपने परिवार के सदस्यों की सभी जानकारियां दर्ज करायी। श्री सेठ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर कुछ तस्वीरें साझा कर लोगों से इस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इसमें सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए, जिससे देश की योजनाओं और विकास की दिशा तय होनी है।

****

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव चंचल कुमार ने आज पटना में बिहार और झारखंड के विभिन्न मीडिया संस्थानों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पत्र सूचना कार्यालय, केंद्रीय संचार ब्यूरो, आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान श्री कुमार ने सभी मीडिया संस्थानों को बेहतर समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी मीडिया संस्थानों को डिजिटल मीडिया प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग कर अपनी क्षमताओं को बढ़ाना चाहिए।

****

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ राज्यभर में अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पाकुड़ जिले में पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से 14 पुड़िया ब्राउन शुगर और करीब दो हजार चार सौ रूपये नगद बरामद किया गया है।

****

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने वर्ष 2026–27 के लिए चार संसदीय समितियों का पुनर्गठन किया है। भाजपा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इस समिति में लोकसभा के 20 और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल हैं। समितियों का कार्यकाल अगले वर्ष 30 अप्रैल तक रहेगा।

****

स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज ने आज रामगढ़ सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कंट्रोल एंड कमांड सेंटर बीएसएनल के ऑफिस का उद्घाटन भी किया। मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए अपर सचिव ने

बताया कि रामगढ़ जिले को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत मॉडल जिला घोषित किया गया है।

****

रांची और आसपास के क्षेत्रों में आज दोपहर में तेज हवा के साथ बारिश हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र ने अपने तात्कालिक पूर्वानुमान में बताया है कि बोकारो, गुमला, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ और सरायकेला–खरसावां जिले के कुछ हिस्सों में अगले कुछ घंटों के दौरान गरज के साथ बारिश की आशंका है।

****

आईपीएल क्रिकेट में आज मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला होगा। यह मैच शाम साढे सात बजे से चेन्नई में खेला जाएगा। प्रतियोगिता में कल खेले गये मैच में डेल्ही कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हरा दिया।

***********समाप्त************